प्रेस नोट **05/04/2024**

तमन्चा व कारतूस के साथ टॉप टेन अपराधी गिरफ्तार-

दिनांक 04.04.2024 को थाना मुहम्मदाबाद पुलिस द्वारा देखभाल क्षेत्र व चेकिंग के दौरान जरिये मुखबिर की सूचना पर कुकुड़ीपुर मोड़ के पास से अभियुक्त प्रियांशु यादव पुत्र सरवन निवासी सुरहुरपुर थाना मुहम्मदाबाद जनपद मऊ के कब्जे से एक अदद नाजायज तमन्चा व 02 अदद जिन्दा कारतूस 315 बोर बरामद किया गया इस सम्बन्ध में उक्त अभियुक्त के विरुद्ध थाना स्थानीय पर मु0अ0सं0 94/24 धारा 3/25 आयुद्ध अधिनियम का अभियोग पंजीकृत कर चालान न्यायालय किया गया।

गिरफ्तार अभियुक्त-

1. प्रियांशु यादव पुत्र सरवन निवासी सुरहुरपुर थाना मुहम्मदाबाद जनपद मऊ।

बरामदगी-

1. एक अदद नाजायज तमन्चा 315 बोर।
2. 02 अदद जिन्दा कारतूस 315 बोर।

आपराधिक इतिहास-

1. मु0अ0सं0 137/2022 धारा 147,148,149,323,307,506 भादवि थाना मुहम्मदाबाद जनपद मऊ।
2. मु0अ0सं0 599/2022 धारा 394,307,120बी भादवि थाना मुहम्मदाबाद जनपद मऊ।
3. मु0अ0सं0 323/2023 धारा 323,504,506 भादवि थाना मुहम्मदाबाद जनपद मऊ।
4. मु0अ0सं0 94/2024 धारा 3/25 आयुद्ध अधिनियम थाना मुहम्मदाबाद जनपद मऊ।

03 वांछित अभियुक्त गिरफ्तार-

आज दिनांक 05.04.2024 को जनपद के विभिन्न थानों द्वारा देखभाल क्षेत्र व चेकिंग के दौरान थाना घोसी पुलिस द्वारा नदवासराय मोड़ के पास से मु0अ0सं0 98/24 धारा 363,366,120बी भादवि में वांछित अभियुक्तगण विजय चौहान पुत्र रामआशीष चौहान निवासी हरहीनाडोलावा थाना रुद्रपुर जनपद देवरिया, सिकन्दर निषाद पुत्र राजेश निषाद निवासी बीबीपुर थाना घोसी जनपद मऊ तथा रानीपुर पुलिस द्वारा काझा के पास से मु0अ0सं0 37/24 धारा 294 भादवि में वांछित अभियुक्त यशवन्त पुत्र अशोक निवासी जयनाथपट्टी काझा थाना रानीपुर जनपद मऊ को गिरफ्तार कर चालान न्यायालय किया गया।

◆एंटीरोमियो टीमों द्वारा महिलाओं/बालिकाओं/छात्राओं को नारी सुरक्षा, नारी स्वावलम्बन एवं नारी सम्मान की दिशा में चलाए जा रहे महिला सुरक्षा सम्बन्धी विभिन्न हेल्पलाइन नम्बरों के बारे में किया गया जागरूक

आज दिनांक 05.04.2024 जनपद मऊ के विभिन्न थानों की एंटी रोमियो टीमों द्वारा शासन द्वारा नारी सुरक्षा/नारी सम्मान/नारी स्वावलंबन/महिला कल्याण के प्रति चलाए जा रहे अभियान मिशन शक्ति के तहत महिलाओं एवं बालिकाओं के मध्य सशक्तिकरण व विश्वास का वातावरण बनाने के उद्देश्य से जनपद में महिला सम्बन्धी अपराधों की रोकथाम हेतु महिलाओं/बालिकाओं/छात्राओं को नारी सुरक्षा, नारी स्वावलंबन एवं नारी सम्मान की दिशा में चलाये जा रहे पुलिस की महिला सुरक्षा सम्बंधी विभिन्न महिला हेल्प लाइन 1090, यूपी-112, हेल्पलाइन नम्बरों 1076 आदि के बारे में जागरूक किया तथा उपस्थित सभी महिलाओं/बालिकाओं/छात्राओं को किसी भी विषम परिस्थिति में तत्काल उक्त दिए गए हेल्पलाइन नम्बरों पर कॉल कर पुलिस को सूचित करने हेतु बताया गया। सभी बालिकाओं/महिलाओं को हेल्पलाइन नम्बर का निर्भीक होकर उपयोग करने हेतु तथा महिलाओं को आत्मनिर्भर बनने व निर्भीक होकर अपने अपने क्षेत्र में कार्य करने/शिक्षा ग्रहण करने के लिये प्रेरित किया गया।

मऊ। आज दिनांक 05.04.2024 को अलविदा की नमाज को सकुशल सम्पन्न कराये जाने एवं शांति/सुरक्षा व्यवस्था के दृष्टिगत पुलिस अधीक्षक मऊ श्री इलामारन जी के निर्देशन में पूरे जनपद में सम्बन्धित क्षेत्राधिकारी एवं थाना प्रभारी के नेतृत्व में मस्जिदों एवं महत्वपूर्ण स्थानों पर समुचित पुलिस व्यवस्थापन कर अलविदा की नमाज सकुशल सम्पन्न कराया गया। इस दौरान अर्द्धसैनिक बल एवं जनपदीय पुलिस की संयुक्त टीमों द्वारा जनपद के भीड–भाड़ एवं महत्वपूर्ण स्थानों पर पुलिस टीमों द्वारा भ्रमणशील रहकर शांति/सुरक्षा व्यवस्था का एहसास कराया गया।

गर्मी के दिनों में बढ़ते हुए तापमान, शार्टशर्किट आदि से अगलगी और आगामी लोक सभा सामान्य निर्वाचन 2024 व नवरात्र, ईद आदि त्यौहारों के दृष्टिगत आज दिनांक 05-04-2024 को पुलिस अधीक्षक मऊ श्री इलामारन जी द्वारा फायर सर्विस मऊ का औचक निरीक्षण कर जायजा लिया गया। इस दौरान मुख्य अग्निशमन अधिकारी श्री किन्ती वर्मा की उपस्थिति में परिसर में भ्रमण कर अग्निशमन वाहनों व अन्य उपकरणों की कार्यशीलता की स्थिति एवं अन्य व्यवस्थाओं का जायजा लिया तथा सर्वसम्बन्धित को अगलगी आदि के सम्बन्ध में आवश्यक दिशा–निर्देश दिये गये।